MAX Healthcare

फ्री वैक्सीनेशन कैंप

600 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भायंदर। जांगिड़ सेवा संघ एवं विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट, मुंबई द्वारा कोरोना से बचने के लिए सुथारवाड़ी भायंदर पूर्व में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक फ्री वैक्सीनेशन कैंप रखा गया, जिसमें 600 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इस संबंध में विश्वकर्मा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष मिताराम जांगिड़ ने बताया कि वैक्सीन कैंप 18+ के सभी आयु वर्ग लिए रखा गया, जिसमें कोविशील्ड की पहली और नियमानुसार दूसरी खुराक दी गई। यह वैक्सीन कैंप नानावटी अस्पताल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में हरिराम जांगिड़, मणिलाल जांगिड़, सांवरमल जांगिड़, इंद्रकुमार जांगिड़, बंशीधर जांगिड़, मनोज जांगिड़, माणक जांगिड़, प्रह्लाद जांगिड़, सुरेंद्र जांगिड़, रतनलाल जांगिड़, इंद्र जांगिड़, सुभाष जांगिड़, हरलाल जांगिड़, रामावतार जांगिड़ एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

Source Jagruk Times

Link: http://indiamediamonitor.in/ViewImg.aspx-?4WMs2Z475Xan9HgSVTZ8kQyrArm4wjMm6ah7TAg2xSojGfym22mdiddXzlELj64roYb2LsHQPJ8GPR52V1kCIcxpByxjvB+hMKKNCzE3TAU=